# राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

## *विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की पांचवी बैठक का कार्यवाही विवरण*

(बैठक दिनांक 23 मार्च, 2012 एवं समय दोपहर 12.00 बजे से)

1. विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की पाँचवीं बैठक का आयोजन दिनांक 23 मार्च, 2012 को पशु प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग के कान्फ्रेंस हॉल में माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के.गहलोत की अध्यक्षता में किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा संक्षेप में विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही प्रगति से सदस्यगणों को अवगत करवाया। प्रमुख कार्यों की सूचि परिशिष्ट –अ पर सलंग्न है। सदन ने विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा करते हुए अनुमोदन प्रदान किया। बार्ड की अगली बैठक 17 जून, 2012 को बीकानेर में करने पर भी सहमति प्रदान की।
2. बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यों की सूची परिशिष्ट–ब पर संलग्न हैं।
3. बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करने से पूर्व माननीय सदस्यों की उपस्थिति में प्रो. ए.के.गहलोत माननीय कुलपति एवं डॉ. एन.वी.पाटिल, निदेशक, उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर ने शिक्षा अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में सहयोग करने के सहमति पत्र (M.O.U.) पर हस्ताक्षर किये। सभी सदस्यों ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की एवं विश्वविद्यालय द्वारा अब तक किये गये सभी MOUs का अनुमोदन करते हुए प्रयासों की सराहना की।
4. बैठक की कार्यवाही विधिवत प्रारंभ करने से पूर्व निदेशक, पी.एम.ई.सेल द्वारा " पशु पोषण विभाग की गतिविधियां एवं उपलब्धियां" विषय पर

उपस्थित सदस्यों के समक्ष एक प्रेजेन्टेशन दिया गया। सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा पशुपोषण पर किये गये एवं किये जा रहे कार्यों की उल्लेखनीय एवं व्यापक राज्य हित में बताते हुए प्रशंसा की।

5. बोर्ड के सभी माननीय सदस्यों ने श्री रामनारायण मीना, विधायक एवं बोर्ड सदस्य के विधानसभा के उपाध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर हर्ष व्यक्त किया तथा श्री मीना को बधाई देते हुए भावना व्यक्त किया कि यह विश्वविद्यालय के लिए भी गर्व की बात है।

6. माननीय अध्यक्ष महोदय प्रो. ए.के. गहलोत, कुलपति की अनुमति से सदस्य सचिव एवं रजिस्ट्रार श्री वाई.के. सिंह द्वारा बैठक की विधिवत् कार्यवाही निम्नानुसार संचालित की गई –

एजेंडा नं. 05/ए — विश्वविद्यालय द्वारा अब तक की गई प्रगति का संक्षिप्त विवरण मौखिक रूप से कुलपति द्वारा सदन में पेश।

माननीय कुलपति द्वारा उपस्थित सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा अब तक विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति का ब्यौरा देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के विकास एवं आवश्यक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए रू. 3946.8 करोड़ वर्ष 2012–13 के लिए आयोजन मद में स्वीकृत किये हैं। इनमें से रूपये 12.00 करोड़ नई योजनाओं के लिए तथा 145.88 लाख रूपये पेंशन ऋण के लिए मंजूर किये गये है।

बैठक में माननीय कुलपति महोदय ने सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, आयुर्वेद, एन.एम.पी.पी.बी. संस्थानों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में विकसित तकनीकों के आदान प्रदान के लिए संपादित किये गये एम.ओ.यू. की जानकारी

दी। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के द्वारा प्रायोजित क्वेल फार्मिंग परियोजना के शीघ्र चालू होने के आसार है। साथ ही विश्वविद्यालय ने स्वयं के संसाधनों से ऐमू फार्मिंग भी प्रारंभ कर दी है। बैठक से पूर्व कई माननीय सदस्य इसे देख भी चुके हैं।

कुलपति महोदय द्वारा माननीय सदस्यों को विश्वविद्यालय की विस्तृत प्रगति की जानकारी देते हुए यह भी बताया गया कि वेटरनरी कॉलेज बीकानेर के सभी तीनों क्लिनीकल विभागों यथा मेडिसिन, सर्जरी एवं गायनोकॉलोजी क्लिनिक को पशुओं के बेहतर एवं समय पर उपचार, सुझाव आदि के लिए शीघ्र ही 24–घण्टे की आपातकालीन क्लिनीकल सेवायें प्रारंभ की जा रही हैं।

माननीय कुलपति महोदय ने सदस्यों को संक्षिप्त में बताया कि नवानिया, वल्लभनगर स्थित वेटरनरी कॉलेज में एन.सी.सी. की एक रिमाऊंट एंड वेटरनरी स्क्वाड्रन शीघ्र ही स्थापित हो जायेगी। कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन में विश्व बैंक के सहयोग से संचालित राज्य सरकार के अधीनस्थ चित्तौड़गढ़ स्थित बकरी फार्म, कोडमदेसर स्थित कांकरेज नस्ल फार्म में अनुसंधान के लिए लाई गई गायों के दुग्ध संबंधी जानकारी, विश्वविद्यालय के छात्रों की देश के विभिन्न क्षेत्रों में गई भ्रमण टीम, आई.सी.ए.आर. से विभिन्न मदों में प्राप्त डवलपमेन्ट एण्ड स्ट्रेन्थनिंग ग्रांट की जानकारी, इसका विभिन्न महाविद्यालयों, पुस्तकालय आदि

| | |
|---|---|
| | में उपयोग संबंधी जानकारी एवं निकट भविष्य में विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय टीचिंग एड उपलब्ध करवाने के लिए स्मार्ट क्लासरूम के लिए आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध करवाने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। |
| निर्णय | सदन द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा करवाये जा रहे नवाचारों की भूरी–भूरी प्रशंसा करते हुए सहमति प्रदान की । |

प्रबन्ध मण्डल सदस्य सचिव एवं कार्यवाहक रजिस्ट्रार श्री वाई.के. सिंह द्वारा बैठक की विधिवत् कार्यवाही शुरू करने से पूर्व उपस्थित सदस्यों को प्रो. ए.के. गहलोत, माननीय कुलपति की राज्य सरकार द्वारा नवगठित "राजस्थान किसान आयोग" के सदस्य के रूप में नियुक्ति संबंधी जानकारी दी गई। कुलसचिव महोदय ने बताया कि इस आयोग द्वारा राजस्थान की कृषि नीति, समय समय पर कृषकों की समस्याओं का संकलन कर उन्हें दूर करने के उपाय सुझाना आदि कार्यकारी बिन्दु रहेंगे। सदन ने राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए प्रतिपादित किया कि इससे प्रो. गहलोत की विशेषज्ञता का लाभ सीधे ही राज्य के किसानों को मिल सकेगा।

| | |
|---|---|
| एजेंडा नं. 05/बी | प्रबंधन मण्डल की गत बैठक दिनांक 30.12.2011 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। |
| निर्णय | प्रबंधन मण्डल की दिनांक 30.12.2011 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण का सभी उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदन किया। |
| एजेंडा नं. 05/सी | गत बैठक की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट (Action Taken Report) का अनुमोदन। |
| निर्णय | बोर्ड सचिव श्री वाई.के. सिंह द्वारा गत बैठक के पश्चात् जारी सभी आवश्यक आदेशों को प्रबंध मण्डल के सदस्यों के सामने |

प्रस्तुत किया । समय समय पर जारी आदेशों का अवलोकन कर विश्वविद्यालय के कार्यों के सुगम संचालन की महत्ता के मध्यनजर सभी आदेशों का औपचारिक अनुमोदन किया गया। इन आदेशों के साथ शैक्षिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों के कथित संस्थापन संबंधी मामलों के निपटारे हेतु जारी आदेशों के लिए भी सदस्यों ने माननीय कुलपति महोदय की सराहना की। शिक्षकों के केरियर एडवांसमेंट में डॉ. एन.वी.पाटिल, माननीय सदस्य बोर्ड को बोर्ड के नामित सदस्य के रूप में उपयोग की भी बोर्ड ने सराहना की तथा भविष्य में भी उन्हें इस हेतु उपयोग हेतु अनुमोदित किया।

| | |
|---|---|
| एजेंडा नं. 05 / डी | शैक्षणिक परिषद् की द्वितीय बैठक दिनांक 11.2.2012 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| निर्णय | माननीय सदस्यों द्वारा शैक्षणिक परिषद् की द्वितीय बैठक दिनांक 11.2.2012 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन निम्न निर्णय/टिप्पणी के साथ किया गया – |

एजेन्डा 4.1 – माननीय सदस्यों को मानदेय...............

निर्णय – माननीय सदस्यों ने अधिष्ठाता स्नात्कोतर शिक्षा द्वारा विभिन्न एक्सटर्नल मैम्बर्स को दिये जाने वाले मानदेय में वृद्धि की अनुशंषा करते हुए प्रबंध मण्डल के सदस्यों का मानदेय भी उनके समान ही 1000/– प्रति सदस्य प्रति बैठक से बढ़ाकर 1500/– प्रति सदस्य प्रति बैठक करने का प्रस्ताव पास किया।

एजेन्डा03 / 3 / ए – ऑफिसर इन्चार्ज, पी.जी.ई. आर.सी.एल. एच.पी, जयपुर के पदनाम के संबंध में ..................

निर्णय – माननीय सदस्यों ने उक्त इकाई के ऑफिसर इन्चार्ज के पद नाम परिवर्तन के बारे में चर्चा करते हुए अनुमोदित किया कि विश्वविद्यालय के एक्ट के प्रावधानों के अनुसरण में आवश्यकतानुसार डायरेक्टर का पद नाम दिया जा सकता है, डीन (अधिष्ठाता) का नहीं, अतएवं, उक्त इकाई के सुचारू रूप से कार्य संपादित करने हेतु इसके नियंत्रण अधिकारी का पदनाम डायरेक्टर, पी.जी.ई. आर.सी.एल.एच.पी, जयपुर किया जाना उचित होगा तथा उन्हें डीन / डायरेक्टर के समकक्ष शक्तियां प्रदान कर दी जावे।

एजेन्डा नं. 05 / ई — विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन

निर्णय – माननीय सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी विभिन्न आदेशों का अवलोकन कर विश्वविद्यालय के कार्यों के सुचारू संचालन, विद्यार्थियों एवं कार्मिकों के बकाया प्रकरणों के निस्तारण आदि के संबंध में पिछली बैठक से अब तक जारी आदेशों का उनके अनुसरण में की गयी कार्यवाही का अनुमोदन किया।

एजेंडा नं. — अन्य कोई एजेंडा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

05 / एफ

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्न पूरक एजेन्डा पर चर्चा की गई ।

एजेंडा नं. 05 / जी

विश्वविद्यालय द्वारा गठित उच्चाधिकार समिति (High Power Committee) की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट

निर्णय –

कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत उच्च स्तरीय कमेटी की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट का अवलोकन कर प्रकरण 1 से प्रकरण 14 में वर्णित निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

एजेन्डा नं. 05 / एच

ओ.एस.डी. टू वी.सी. के रेजीडेन्स पर टेलिफोन सुविधा उपलब्ध करवाना...

निर्णय –

कुलपति महोदय की सहायता हेतु विश्वविद्यालय सेवानिवृत शिक्षकों की O.S.D. के रूप में सेवा ले रहा हैं। यद्यपि O.S.D. स्थायी कर्मचारी नहीं है फिर भी कार्य की महत्ता एवं विश्वविद्यालय हित में यह उचित होगा कि उन्हें टेलीफोन के लिये न्यूनतम राशि 1750 / – प्रतिमाह स्वीकृत कर दी जावे।

एजेन्डा नं. 5 / आई

क्रियेशन ऑफ डिपार्टमेन्ट ऑफ लायब्रेरी एण्ड इन्फोरमेशन साइन्स

निर्णय –

सदस्यों द्वारा एजेन्डा पर विस्तृत चर्चा करते हुए वेटरनरी महाविद्यालय में नये विभाग "डिपार्टमेन्ट ऑफ लायब्रेरी एण्ड इन्फोरमेशन साइन्स" को प्रारंभ करने के निर्णय का अनुमोदन किया।

| | |
|---|---|
| एजेन्डा नं. 5/जे | विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन |
| निर्णय – | विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2011–12 के लेखों की ऑडिट करने के लिए मै. आर.मोहता एण्ड कम्पनी, चार्टड एकाउन्टेन्टस के पक्ष में जारी आदेश दिनांक 27.1.2012 का अनुमोदन किया गया। |
| एजेन्डा नं. 5/के – | श्री अशोक कुमार पुत्र स्व.श्री नरूराम, ग्वाला, पशु अनुसंधान केन्द्र, चांदन को अनुकम्पात्मक नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की अवधि में शिथिलता |
| | श्री अशोक कुमार पुत्र स्व. श्री नरूराम की अनुकम्पात्मक आधार पर नियुक्ति के संदर्भ में कॉर्मिक (क–2) विभाग, जयपुर से मार्गदर्शन चाहा गया तो उन्होने अपने पत्र संख्या 12 (9) कॉर्मिक/क–2/2009 दिनांक 06.07.2011 से इस विश्वविद्यालय को सूचित किया कि राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 राजकीय विभागों पर ही लागू होते हैं। अतः विश्वविद्यालय इस संबंध में अपने स्तर पर शिथिलिकरण का फैसला कर सकता है। |
| निर्णय – | चूंकि श्री अशोक कुमार की नियुक्ति का मामला अनुकम्पात्मक नियुक्ति का है एवं पारिवारिक परिस्थितियां ग्रामीण परिवेश से होने के कारण प्रार्थी को समय सीमा का ध्यान नहीं रहा। उपस्थित सदस्यों ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए श्री अशोक कुमार को अनुकम्पात्मक नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र पेश करने की अवधि में शिथिलता प्रदान करते हुए दिनांक |

22.12.2010 को विश्वविद्यालय में प्रथम बार पेश हुए प्रार्थना पत्र को स्वीकार करने का अनुमोदन किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ सम्पन्न हुई।

कुलसचिव एवं
सदस्य सचिव

## राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांकः–एफ–2( )/बोम मीटिंग/राजूवास/2012/1933
दिनांक 8.5.12

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव, राज्यपाल राजस्थान एवं कुलाधिपति, राजभवन, जयपुर।
2. श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव, (वित्त)राजस्थान जयपुर।
3. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव, पशु पालन विभाग, राजस्थान जयपुर।
4. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव,(आयोजना) राज0 जयपुर।
5. समस्त माननीय सदस्यगण।
6. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/इकाई प्रभारी अधिकारी, राजूवास, बीकानेर।
7. नोडल अधिकारी यूनिवर्सिटी वेबसाईट, राजूवास, बीकानेर।

कुलसचिव एवं
सदस्य सचिव

## List of salient activities and works

1. PD_ADMAS, Bangalore has agreed to provide one center of **AICRP on ADMAS** to this University.
2. CARI, Izatnagar has demanded proposals for **Quail farm** as part of diversification of poultry production, which are expected to be approved.
3. University has started **EMU farming** with induction of 30 pairs.
4. **MOUs** have been signed with NRCE, Hisar, Ayurvet Pvt. Ltd., New Delhi, NMPPB, (MoFPI), GOI, New Delhi, IGNOU and signed MOU with NRCC, Bikaner just before the meeting of BOM.
5. In collaboration with NMPPB, a **training on hygienic meat production** was conducted at NIFTEM (GOI), Sonipat.
6. University shall soon start **organic goat production** at LRS, Kodamdesar.
7. Following proposals submitted for funding through Rural Infrastructure Development Fund:
    a. ***Re-enforcing extension education through E-Pashuvigyan Kiosks (Rural Livestock Knowledge Centre at District level)***
    b. ***Establishment of Cattle Feed Plant for Research and Technology Generation at Vallabhnagar, Udaipur***
    c. ***Establishment of Livestock Farmers' Training Hub at Vallabhnagar, Udaipur***
    d. ***'Farm Parlour' outlets at Bikaner, Udaipur and Jaipur***
    e. ***Infrastructure for Veterinary and Animal Science Education Research and Extension in Jodhpur district***
8. Following proposals have been submitted to ICAR:
    a. Niche Area of Excellence
        i. ***Animal Biodiversity***
        ii. ***Veterinary Forensic Laboratory***
    b. Experiential Learning

*i. Critical Care Unit at CVAS, Bikaner*

*ii. Broiler and layer poultry unit at CVAS, Navania, Vallabhnagar*

c. Hostels

*i. Boys hostel at Bikaner*

*ii. Girls hostel at Vallabhnagar*

9. University is preparing for **24 hrs clinical services**

10. University is planning to **finish all inspections** of affiliated colleges/institutes before next meeting of BOM so that next year's affiliation orders are issued in time.

11. Next meeting of BOM is proposed on **17th June, 2012 (Sunday)** at Bikaner.

12. **Kankrej cattle breeding farm** has been established at LRS, Kodamdesar and around 16 cows have calved and started yielding milk.

13. Under Rajasthan Agriculture Competitive Project sponsored by the World Bank, **goat farms** of >1000 goats shall be established at Chittorgarh and Kodamdesar.

14. One **KVK at Nohar** is likely to be sanctioned by the ICAR.

15. University participated in **Krishi Utsav 2011 at Kota** and 2010 at Sriganganagar.

16. Participated in **HR conclave** at Jaipur organized by CII.

17. **Students** of Dantiwara and Aizawl veterinary colleges visited the University.

18. **Teams of students** were sent outside for various cultural, games and sports events.

19. **International** Canine conference was organized.

20. Hon'ble Dr. A.K.Gahlot, Vice-Chancellor has been nominated as **Member of the Rajasthan Farmers' Commission** by Government of Rajasthan.

21. From the Education Division of the ICAR, the University is expected to receive a grant of >**600 lakh** which is around double than what was envisaged in the Budget of the University.

22. At **PGERC, Jaipur** fodder demonstration, fodder block making, Urea Molasses brick making, trainings of farmers have been started.

23. At Vallabhnagar campus, works for **Gir farm, TVCC** etc. are almost complete. Civil works for **veterinary college** has been started.

24. At Vallabhnagar, a **poultry farm** has been started.

25. **Two books** written by Dr. R.K. Dhuria and Dr. G.N.Purohit have been published by foreign publishers.

26. **Three journals** from faculty members, independent of the University are being brought out regularly:

   a. Journal of Camel Practice and Research,
   b. Journal of Canine Development and Research,
   c. Veterinary Practitioner

27. Hon'ble Dr. A.K.Gahlot, Vice-Chancellor participated in the **workshop organized by HE the President of India** in Rashtrapati Bhawan.

28. Hon'ble Dr. A.K.Gahlot, Vice-Chancellor participated in the meetings of **Rajiv Gandhi Mission on Agriculture and Animal Husbandry**.

29. One faculty member and two students were invited in international conference on camels at **Oman**.

30. One student from **IIM, Indore** has been sent for internship to this university on one of its e-governance projects.

31. University shall be establishing **smart class rooms** in each department.

32. The University has planned to pursue the following areas in 12th Five Year Plan:

   ***a. Ethno-veterinary practice and alternative medicine***

b. Organic animal production
c. Feed resource management and technology
d. Veterinary University Training and Research Centers at each district
e. Post graduate institute of Veterinary Education and Research (PGIVER) at Jaipur
f. Biodiversity in animals
g. Use of space based technologies in animal husbandry
h. Animal science engineering
i. Water harvesting systems on all buildings of the University
j. NCC Remount and Veterinary Squadron at Vallabhnagar
k. Cutting edge technology laboratory
l. Laboratory for vaccinology and biological products
m. Wild life health and management
n. Veterinary Information and Communication Technology
o. Disaster Management in Animals
p. Center for Bio Medical Waste Disposal for veterinary & Animal sciences

परिशिष्ट– "ब"

प्रबंध बोर्ड की पंचम बैठक दिनांक 23.03.2012 में उपस्थित सदस्यों की सूची

| S.No | Name of Member with Designation | |
|---|---|---|
| 1. | Prof. A. K. Gahlot<br>Vice-Chancellor<br>RAJUVAS, Bikaner | In Chair |
| 2. | Sh. Vijay loyal | Member |
| 3. | Dr. Ravinder Kumar | Member |
| 4. | Dr. S.B.S.Yadav | Member |
| 5. | Dr. H.R.Barupal | Member |
| 6. | Dr. N.V. Patil<br>Director, N.R.C.C., Bikaner | Member |
| 7. | Smt. Krishana Solanki | Member |
| 8 | Dr. R.K.Tanwar ,<br>Director Clinics, RAJUVAS, Bikaner | Member |
| 9 | Dr. N.M.Singh, Jt. Director | Nominated Member |
| 10 | Dr. B.K.Beniwal<br>Dean, CVAS, Bikaner | Invitee |
| 11. | Dr. G.S. Manohar,<br>Dean, P.G.S., RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 12. | Dr. C.K.Murdia<br>Director, Extension Education, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 13. | Dr. R.N. Kachawaha<br>Dean, Student Welfare, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 14. | Dr. Rakesh Rao<br>Director Research, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 15. | Er. M.R.Choudhary<br>Director Works (E.O.), RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 16. | Dr.Tribhuwan Sharma<br>Director, P.M.E.Cell, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 17. | Sh. Y.K.Singh<br>Registrar & Comptroller | Member Secretary |

परिशिष्ट– "ब"

प्रबंध बोर्ड की पंचम बैठक दिनांक 23.03.2012 में उपस्थित सदस्यों की सूची

| S.No | Name of Member with Designation | |
|---|---|---|
| 1. | Prof. A. K. Gahlot<br>Vice-Chancellor<br>RAJUVAS, Bikaner | In Chair |
| 2. | Sh. Vijay loyal | Member |
| 3. | Dr. Ravinder Kumar | Member |
| 4. | Dr. S.B.S. Yadav | Member |
| 5. | Dr. H.R.Barupal | Member |
| 6. | Dr. N.V. Patil<br>Director, N.R.C.C., Bikaner | Member |
| 7. | Smt. Krishana Solanki | Member |
| 8 | Dr. R.K.Tanwar ,<br>Director Clinics, RAJUVAS, Bikaner | Member |
| 9 | Dr. N.M.Singh, Jt. Director | Nominated Member |
| 10 | Dr. B.K.Beniwal<br>Dean, CVAS, Bikaner | Invitee |
| 11. | Dr. G.S. Manohar,<br>Dean, P.G.S., RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 12. | Dr. C.K.Murdia<br>Director, Extension Education, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 13. | Dr. R.N. Kachawaha<br>Dean, Student Welfare, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 14. | Dr. Rakesh Rao<br>Director Research, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 15. | Er. M.R.Choudhary<br>Director Works (E.O.), RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 16. | Dr.Tribhuwan Sharma<br>Director, P.M.E.Cell, RAJUVAS, Bikaner | Invitee |
| 17. | Sh. Y.K.Singh<br>Registrar & Comptroller | Member Secretary |